55

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
सकारण आदेश

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, विक्रमगंज के अधीन एम0जी0एस0वाई योजनान्तर्गत निविदा (टेंडर आई0डी0–140461) में संवेदक Maa Gayatri Contruction, Prop.-Upendra Kumar Singh (Regd. No-1240543), Vill+Post-Baddi, Nishan Nagar, P.S-Shivsagar, Distt.-Rohtas, Pincode: 821113 द्वारा भाग लिया गया।

निविदा में संवेदक द्वारा कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, नवादा का पत्रांक 536 दिनांक 16.04.2023 द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित किया गया है। संवेदक द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर संवेदक Maa Gayatri Contruction को कार्य आवंटित करते हुए दिनांक 13.06.2025 को कार्यादेश निर्गत किया गया।

कार्यादेश निर्गत होने के उपरांत दिनांक 18.02.2026 को परिवादी रविन्द्र सिंह, पिता–सुदर्शन सिंह, ग्राम+पो0–विक्रमगंज, जिला–रोहतास द्वारा संवेदक Maa Gayatri Contruction के विरूद्ध परिवाद समर्पित करते हुए बताया गया कि संवेदक द्वारा प्रश्नगत निविदा में समर्पित अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी है। तदोपरांत अनुभव प्रमाण पत्र का सत्यापन संबंधित कार्यालय से कराने के उपरांत पाया गया कि संवेदक द्वारा निविदा में समर्पित अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी है।

वर्णित तथ्यों के आलोक में मुख्य अभियंता–02(गया) का कार्यालय आदेश संख्या–22–सह–पठित ज्ञापांक 211 दिनांक 25.02.2026 द्वारा संवेदक को निर्गत कार्यादेश को रद्द करते हुए संवेदक के विरूद्ध बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 में निहित प्रावधान के तहत कार्रवाई करने हेतु अनुशंसा की गई। प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 2797 दिनांक 27.02.2026 द्वारा निबंधित डाक एवं ईमेल के माध्यम से संवेदक से कारणपृच्छा की गई। कारणपृच्छा के आलोक में संवेदक द्वारा अबतक अपना बचाव बयान समर्पित नहीं किया गया है, जिससे स्पष्ट है कि संवेदक को अपने बचाव में कुछ नहीं कहना है।

वर्णित परिप्रेक्ष्य में कार्य प्रमंडल, विक्रमगंज के अधीन एम0जी0एस0वाई0 योजनान्तर्गत निविदा(टेंडर आई0डी0–140461) फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित किये जाने के कारण बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) के नियम 11(क)(ix) में विहित प्रावधान के आलोक में संवेदक Maa Gayatri Contruction, Prop.-Upendra Kumar Singh (Regd. No-1240543, PAN-DCFPS5381Q), Vill+Post-Baddi, Nishan Nagar, P.S-Shivsagar, Distt.-Rohtas, Pincode: 821113 को 02(दो) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

18.03.26
(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–63/2026 3548 /पटना, दिनांकः– 19.3.26

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18.03.26
अभियंता प्रमुख

P.T.O.

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–63/2026 3548 /पटना, दिनांकः– 19.3.26

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/योजना एवं विकास विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18.03.26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–63/2026 3548 /पटना, दिनांकः– 19.3.26

निबंधित

प्रतिलिपिः–Maa Gayatri Contruction, Prop.-Upendra Kumar Singh (Regd. No-1240543), S/O Radheyshyam Singh, Vill+Post-Baddi, Nishan Nagar, P.S-Shivsagar, Distt.-Rohtas, Pincode: 821113 को सूचनार्थ प्रेषित।

18.03.26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–63/2026 3548 /पटना, दिनांकः– 19.3.26

निबंधित

प्रतिलिपिः–रविन्द्र सिंह, पिता–सुदर्शन सिंह, ग्राम+पो0–विक्रमगंज, जिला–रोहतास, पिन–802212 को उनके द्वारा समर्पित परिवाद के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

18.03.26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–63/2026 3548 /पटना, दिनांकः– 19.3.26

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18.03.26

अभियंता प्रमुख